# <u>जनपद बाराबंकी</u>

**दिनांक- 06.09.2025**

थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा 03 शातिर चोरों/अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से जेवरात व नकदी बरामद-

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स के आधार पर आज दिनांक 06.09.2025 को 03 अभियुक्तगण 1. विवेक मिश्रा पुत्र शिवकुमार मिश्रा निवासी फत्तापुरकला थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी 2. हिमाशु उर्फ मनीष कुमार पुत्र रामकुमार निवासी कृष्णानगर थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी 3. लकी गौतम पुत्र बब्लू गौतम निवासी आजादनगर निकट चन्द्रशेखर स्कूल थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी को शुक्लाई नहर, लखनऊ-अयोध्या हाइवे से जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से जेवरात व नकदी बरामद किया गया।

पूछताछ व जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण का एक गिरोह है जो चोरी जैसी घटना को अंजाम देकर चोरी के सामान को अच्छे दामों में बेच दिया जाता है। अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 30.08.2025 को शुक्लाई नहर पुलिया के पास नई प्लाटिंग में एक मकान से चोरी किया गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 832/2025 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस पंजीकृत है। बरामद सामान को आपस में बंटवारा करने के बाद सामान को ले जाते समय पुलिस टीम द्वारा तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

**<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-</u>**

1. विवेक मिश्रा पुत्र शिवकुमार मिश्रा निवासी फत्तापुरकला थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी
2. हिमाशु उर्फ मनीष कुमार पुत्र रामकुमार निवासी कृष्णानगर थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी
3. लकी गौतम पुत्र बब्लू गौतम निवासी आजादनगर निकट चन्द्रशेखर स्कूल थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी

**<u>बरामदगी-</u>**

1. 06 जोड़ी बिछिया
2. 02 जोड़ी कड़ा
3. 01 जोड़ी झाला
4. 02 जोड़ी पायल
5. 01 अदद हार
6. 01 अदद मंगलसूत्र
7. 01 अदद अंगूठी
8. 11800/-रुपये नकद

**पुलिस टीम-**

1.प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर श्री सुधीर कुमार सिंह जनपद बाराबंकी।

2.उ0नि0 श्री गौरव सिंह, उ0नि0 श्री विनय कुमार थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी

3.हे0का0 बुद्धीलाल, का0 प्रशान्त थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी

4.का0 रविन्द्र थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी